ZEEBUSINESS हिंदी

दिल्ली में नकली मसाला बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 15 टन मिलावटी मसाला बनाने का सामान जब्त

दिल्ली क्राइम ब्रांच के साइबर सेल ने दिल्ली एनसीआर में नकली मसाला बनाने वाली कंपनी और गिरोह का भंडाफोड़ किया है. ये कंपनियां दिल्ली एनसीआर में नकली मसाले को सप्लाई कर बड़ा मुनाफा कमाती है. पुलिस ने दो मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को बंद कराया और 15 टन मिलावटी मसाला और बनाने का सामान जब्त किया है. ये नकली मसाले खराब चावल, यूकेलिप्टस के पत्ते, सड़े बेर, लकड़ी का बुरादा, चोकर, रंग और केमिकल्स की मिलावट से बना रहे थे.

https://www.zeebiz.com/hindi/india/delhi-police-unearthed-fake-and-spurious-adulterated-indian-spices-manufacturing-units-at-delhi-167753